15. Poetry Recitation by staff and student during Nadi Utsav program

In the series of various programmes on Amrit Mahotsav of Independence, a two-day programme “Nadi Utsav” was organised by the department of Irrigation with the city administration on dated 23.12.2021 & 24.12.2021. Kavi Sammelan was a part of this grand event . Principal of the college Dr. Veena Rathore was attended this programme and staff member Dr. Jai Chand and NSS Volunteer Amit Tiwari also recited their self-composed poems on River Yamuna.

PRINCIPAL

सूर्य पुत्री हूं और शनि की बहन, मैं यमुना हूं..., कविता से बटोरीं तालियां

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दो दिवसीय नदी उत्सव का आगाज

नदी उत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पांवटा साहिब (सिरमौर)। गुरु नानक मिशन स्कूल पांवटा के सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में वीरवार को दो दिवसीय नदी उत्सव का शुभारंभ हुआ।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। एसडीएम पांवटा विवेक महाजन की अध्यक्षता में हुए उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सांसद कश्यम ने अपने संबोधन में नदियों का साफ रखने पर बल दिया और नदियों की सार्थकता पर प्रकाश डाला। रामकिशन एंव साथियों ने मां यमुना की वंदना की प्रस्तुति दी। समारोह के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सावित्री तिवारी ने सूर्य पुत्री हूं शनि की बहन हूं, मैं यमुना हूं.., से तालियां बटोरी। डा. जयचंद ने अपनी कविता में गुरु की नगरी यमुना के तट की महिमा का गुणगान किया। हेमराज राणा, रेणु गोस्वामी, प्रतिभा पांडे, संजय भारद्वाज, रविता, अंशू, पूनम, भुवनेश्वरी, अमित तिवारी, आशी, चांदनी व गरिमा ने भी इस मौके पर काव्य पाठ किया।एसडीएम पांवटा विवेक महाजन ने बताया कि 24 दिसंबर को पांवटा में रैली निकाली जाएगी।

Photograph 16 Amit Tiwari, Student of G.C. Paonta Sahib Recited Poem during Nadi Utsav